मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 41 | अंक : 267 | शुक्रवार, 19 जनवरी 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें.

पत्रकार बन शेल्टर होम का राज खोलेंगी भूमि

# केमिकल कंपनी में विस्फोट



**1** मजदूर की मौत

**4** गंभीर घायल

**कंपनी आग में जलकर खाक**



**3** अन्य कंपनियों का हुआ नुकसान

**3** टेम्पो आग की चपेट में जल गए

**5** किलोमीटर दूर तक सुने गए धमाके

**4** फायर ब्रिगेड को 4 घंटे आग बुझाने में लगे

यूसुफ शेख

**बदलापुर.** बदलापुर स्थित खरवई एमआईडीसी में विकी केमिकल नामक कंपनी में गुरुवार तड़के केमिकल के कई ड्रमों में धमाके होने से कंपनी में आग लग गई. जिससे एक मजदूर की मौत हो गई, वहीं 4 गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. 4 से 5 किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनी गई. कंपनी के आसपास की अन्य 3 कंपनियों का भी भारी नुकसान हुआ है. कंपनी के पास खड़े 3 टेम्पो भी आग की चपेट में आ जाने से जलकर रखा हो गए. एक ड्रम का ढक्कन विस्फोट के बाद एक किलोमीटर दूसर स्थित एक इमारत की चौथी मंजिल पर उड़कर गिरा है. कुछ दूरी पर स्थित खरवई जलापूर्ति केंद्र की कांच की खिड़कियां टूट गईं. यहां बाद में साफ-सफाई करके जलापूर्ति शुरू की गई है.







गुरुवार सुबह 4.45 बजे कंपनी में 5 धमाके होने से गहरी नींद में सोये शहरवासी हड़बड़ा कर उठ बैठे. किसी की समझ में नहीं आ रहा था कि इतना जबरदस्त धमाके कहां हो रहे हैं. अंबरनाथ, बदलापुर एमआईडीसी की 4 अग्निशमन दल की गाड़ियों ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू में किया है. आग किस कारण से लगी, इसकी पुलिस जांच कर रही है.

अग्निशमन दल के अधिकारी भागवत सोनोने ने बताया कि कंपनी में हुए केमिकल विस्फोट कई किलोमीटर तक सुनाई दिए. बदलापुर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को खबर की. विकी केमिकल विस्फोट के बाद लगी आग से पूरी तरह जलकर खाक हो गया है. चारों तरफ केमिकल फैला देखा गया. एक मजदूर बबन मोहिते की घटना स्थल पर मौत हो गई. शेष 4 मजदूर आकाश मोरे, प्रवीण रेवाडे, सुरेश गायकवाड़ और गिरीश कांबले गंभीर घायल हैं. उनका उपचार बदलापुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है.

## व्यापारी से मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर कैंप नंबर 5 में एक इलेक्ट्रिकल दुकान के मालिक और उनके बेटे पर हमला करनेवाले आरोपी फरार थे। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आरोपी 16 जनवरी को जय भोले होटल में खाना खाने को आने वाले हैं. पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

स्वामी शांति प्रकाश रोड स्थित कैंप नंबर 5 संतोष इलेक्ट्रिकल्स की दुकान पर रविवार को 2 युवक सामान बदलने गए, उस वक्त दुकान में सुखेजा का बेटा करण था. युवकों ने करण से सामान बदलने के लिए कहा. करण ने युवकों को 5 मिनट इंतजार करने को कहा और बताया कि उनके पिता आएंगे, तो सामान बदलकर मिलेगा. इससे युवकों ने गुस्से में आकर दुकान के बाहर से पत्थर उठाकर करण की दुकान पर फेंकना शुरू कर दिया और जब दुकान के बाहर कांच से करण को मारने जा रहा था तभी करण के पिता बीच में आए तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट की. इसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे.

पुलिस को सूचना मिली कि वारदात के आरोपी करण मधवी और चैनू मधवी जय भोले होटल में खाना खाने आए हैं, जिसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

## राकांपा कालानी गुट का एक और गुंडा तड़ीपार

- खवाजा कुरैशी एक वर्ष के लिए चार जिला से तड़ीपार
- सेंट्रल पुलिस को एक साल से थी तलाश




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कालानी गुट के पदाधिकारी ख्वाजा कुरैशी को सेंट्रल पुलिस ने चार जिलों से 1 साल के लिए तड़ीपार कर दिया है।

ख्वाजा कुरैशी उल्हासनगर राष्ट्रवादी कांग्रेस कालानी गुट के शहर सचिव हैं और उनके खिलाफ कई पुलिस स्टेशनों में गंभीर अपराध भी दर्ज हैं। उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त के आदेश पर सेंट्रल पुलिस ने कुरैशी को गिरफ्तार कर तड़ीपार कर दिया है।

## क्राइम डायरी...

### ज्वेलर की दुकान से 2 महिलाओं ने उड़ाए गहने



फाइल फोटो

**बदलापुर.** बदलापुर पश्चिम में दीपाली पार्क स्थित एक ज्वेलर की दुकान में सोने खरीदने के बहाने आई 2 महिलाओं ने 51 हजार 560 रुपए के सोने के टॉप्स चोरी कर लिए. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी रमेशचंद्र कुमावत (32) का धरती टॉवर, दीपाली पार्क, बदलापुर पश्चिम में मणिरत्नम नामक सोने के आभूषणों की दुकान है. 12 जनवरी को दोपहर में 12 बजे के करीब 2 अज्ञात महिलाओं दुकान में गहने खरीदारी करने आई. दुकान में मौजूद कर्मचारी भेरूलाल गुजर उन्हें गहने दिखाने लगा. इस बीच हाथ की सफाई से दोनों महिलाओं से 8.800 ग्राम सोने के टॉप्स चोरी कर लिए, जिनकी कीमत 51 हजार 560 रुपए है. बदलापुर पुलिस ने भादंसं की धारा 380, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर



- बाइक सवार गंभीर रूप से घायल
- घटना सीसीटीवी में कैद



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में सड़क दुर्घटनाओं की वारदातें बढ़ गई है। गुरुवार को एक तेज रफ़्तार कार ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें एक बाईक सवार को गंभीर चोट के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ा कोर्ट से गोल मैदान न्यू टेलीफोन एक्सचेंज के बीच राम मोहन राठौड़ नामक व्यक्ति अपनी गाड़ी के साथ खड़े हुए थे कि सामने से आ रही बलेनो कार पहले एक बाइक और फिर वहां खड़े राम मोहन को उनकी एक्टिवा समेत जोरदार टक्कर मारी। जिसमें राठौड़ के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आयी है। उसे उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

## बिल्डर से ऑनलाइन 10 लाख रुपए की ठगी

**उल्हासनगर.** कैम्प-5 निवासी एक बिल्डर से इंश्योरेंस प्रीमियम भरने का झांसा देकर साइबर ठगों ने 10 लाख 45 हजार रुपए ठग लिए.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी रामकिोर खूबचंदानी (26) पेशे से बांधकाम व्यवसायी हैं, जो टेलीफोन एक्सचेंज के सामने, गांधी रोड, उल्हासनगर-5 में रहते हैं. अक्टूबर व दिसंबर महिने में उन्हें मोबाइल क्र. 8112536477 से फोन आया. फोन करने वाले ने खुद को पीएनबी मेट लाइफ इंश्योरेंस का कर्मचारी बताया. साइबर ठग ने पीएनबी मेट लाइफ का वार्षिस इंश्योरेंस प्रीमियम भरने के लिए बैंक आफ महाराष्ट्र का खाता क्र. 60414707569 IFSC Code MAHB0001189, गुरुग्राम ब्रांच दिया. जिस पर फिर्यादी ने प्रीमियम की रकम 10 लाख 45 हजार रुपए जमा करवा दी. अब ठगी होने का पता चलने पर हिललाइन पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. हिललाइन पुलिस ने आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 ड के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस निरीक्षक खेरडे मामले की जांच कर रहे हैं.

## अंबरनाथ में 16 वर्षीय लड़के ने 7 साल के लड़के से किया दुष्कर्म

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम में एक हैरान कर देनेवाली घटना हुई है. एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़के ने एक सात वर्षीय नाबालिग लड़क के साथ दुष्कर्म किया है. अंबरनाथ पुलिस में अपराध दर्ज करके 16 वर्षीय लड़के के भिवंडी के बाल सुधार गृह में भेज दिया गया है.

पीड़ित मासूम लड़का घर के बाहर खेल रहा था. 16 वर्षीय लड़के ने उसे एक रूम में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया. पीड़ित लड़का जब घर लौटा तो उसकी मां ने देखा कि उसकी चड्डी खून से सनी हुई है. पूछने पर मासूम ने सारी बात अपने माता-पिता को बता दी. उन्होंने अंबरनाथ पुलिस स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अपराध दाखिल कर 16 वर्षीय लड़के को पकड़ा और भिवंडी बाल सुधारगृह में भेज दिया है.



पीड़ित लड़के की माता ने मांग की है कि आरोपी लड़के को सख्त से सख्त सजा दी जाए ताकि कोई दूसरा ऐसी नीच हरकत ना कर सके. माता ने बताया कि मेरा लड़का बाहर खेलने गया था. वह घर में सोई हुई थी. आरोपी लड़के ने उसको एक रूम में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया है. उन्होंने ये भी बताया कि बच्चा जब घर आया तो उन्होंने देखा की उसकी चड्डी खून से भरी है. पूछने पर लड़के ने सारी हकीकत बताई. लड़के को अस्पताल ले जाया गहा, जहां उसका उपचार चल रहा है. उसकी हालत ठीक है.

### पेट्रोल पंप से 2 लाख रुपए नकद चोरी

**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व, जुवेली गांव स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप की खिड़की का ग्रिल काटकर चोरों ने 2 लाख 2 हजार 760 रुपए नकद चोरी कर लिए. मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर पूर्व, जुवेली गांव स्थित इंडियन ऑयल का पेट्रोल पंप है. बुधवार की रात 2.45 से 3 बजे के दरम्यान पेट्रोल पंप की स्लायडिंग खिड़की व लोहे का ग्रिल काटकर 2 अज्ञोत लोग आफिस में घुसे. यहां ड्रावर में रखे 2 लाख 2 हजार 760 रुपए नकद चोरी कर लिए. चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों चोरों की तलाश कर रही है. बदलापुर पुलिस ने भादंसं की धारा 457, 380, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. सहायक पुलिस निरीक्षक वगरे मामले की जांच कर रहे हैं.

## अंबरनाथ शेतकी सोसायटी का निर्माण तोड़ने आए
# बुलडोजर के समक्ष लेट गए पदाधिकारी

- तोडू कार्रवाई का किया विरोध
- सत्ताधारियों के दबाव में कार्रवाई किए जाने का आरोप

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व की कई वर्षों पुरानी शेतकी सोसायटी के प्लाट पर बने निर्माणों को तोड़ने के लिए जब नपा अतिक्रमण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहुंचे तो सोसायटी के पदाधिकारी बुलडोजर के समक्ष जमीन पर सो गए और निर्माण तोड़ने का विरोध किया. उनका कहना है कि सन 1962 में उन्हें महाराष्ट्र शासन ने ये जगह एलॉट की है. यहां के जमीन की देखरेख वह कर रहे हैं. गाय, भैंस, बकरी पालन, भाजी पाला, वृक्षारोपण करके उन्होंने अपने जीवन की सारी कमाई लगा दी है. लेकिन पिछले दिनों तहसीलदार ने उन्हें नोटिस दिया कि यहां पर किए गए निर्माण अवैध हैं.सात दिनों के भीतर ये अवैध निर्माण व निकाल ले. सोसायटी पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने न्यायालय का सहारा लिया. गुरुवार को उसकी सुनवाई थी. उससे पहले नपा प्रशासन के अधिकारी पुलिस दल बल के साथ यहां पर गाय, भैंस रखने के लिए बनाए गए निर्माण को तोड़ने के लिए पहुंच गए. जिसका विरोध यहां के निवासियों ने किया. उन्होंने बताया कि गाय भैंस संभालने वालों के लिए घर बनाए गए हैं, जिसे अवैध बताया जा रहा है. अगर उनके निर्माण तोड़े गए तो वह सभी पशुओं को लेकर तहसीलदार कार्यालय जाएंगे और पशुओं को वहां बांध देंगे. उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारियों के दबाव में ये सब कुछ हो रहा है. सोसायटी ने ये भी आरोप लगाया है कि उनकी जगह पर कब्जा करके यहां मेडिकल कॉलेज बनाया जा रहा है. जिसकी उन्होंने विरोध किया था. दब से उन पर प्रशासन अत्याचार कर रहा है. शहर के सभी नेता चुप हैं. ऐसा उनका कहना है. अब न्यायालय ही उन्हें न्याय देगा. ऐसी आशा सोसायटी को है.

## दारू की हाथभट्टी पर पुलिस का छापा

**उल्हासनगर.** मानेरे गांव में म्हसोबा चौक के पास स्थित खेतों अवैध रूप से दारू बनाने वाली हाथभट्टी पर पुलिस ने छापा मारा और 18 हजार 100 रुपए का सामान जब्त करते हुए 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

**18 हजार का माल बरामद**

मिली जानकारी के अनुसार विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने बुधवार की दोपहर में 2.30 बजे के करीब मानेरे गांव, उल्हासनगर-4 में चल रही एक हाथभट्टी पर छापा मारा. यहां पर शराब बनाने के काम आने वाला वॉश और अन्य सामग्री जब्त की गई, जिसकी कीमत 18 हजार 100 रुपए है. पुलिस ने यहां से धर्मराज रामभाई जाधव (52) और लक्ष्मणदास भोजमल जेसवानी (57) को हिरासत में लेते हुए दोनों के खिलाफ महाराष्ट्र दारूबंदी अधिनियम 1949 की धारा 65 (क) के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस हवलदार घाणे मामले की जांच कर रहे हैं.

## अंबरनाथ में पानी समस्या खत्म होने के आसार

- विधायक के प्रयास से 900 एमएम पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ की पानी समस्या जल्द ही खत्म होने के आसार अब दिखाई देने लगे हैं. अंबरनाथ जलापूर्ति अमृत अभियान योजना के अंतर्गत बदलापुर बेलवली शांति नगर फारेस्ट नाका पर 900 मि.मी. की जलवाहिनी बिछाने के कार्य का भूमिपूजन समारोह बुधवार को संपन्न हुआ. ये कार्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, जलापूर्ति मंत्री गुलाबराव पाटिल, सांसद श्रीकांत शिंदे के मार्गदर्शन में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के विशेष प्रयत्न से एवं बदलापुर के पूर्व नगराध्यक्ष वामन म्हात्रे, शैलेष भोईर के सहकार्य से हुआ है. ऐसी जानकारी विधायक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है. इस 900 मि.मी. की पाइपलाइन के बिछ जाने से अंबरनाथ पश्चिम की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी. ऐसी कहा गया है.



विदित हो कि बार-बार ये कहा जाता है कि डैम में पानी भरपूर होने के बावजूद अंबरनाथ में दो-दो दिन तक लोगों को पानी नहीं मिलता है. शहरवासियों की शिकायतें दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है. आंदोलन मोर्चे के बाद स्वतः विधायक किणीकर द्वारा आंदोलन करने के बाद भी पानी की समस्या जस की तस कायम है. अब 900 मि.मी. की पाइपलाइन बिछाने के बाद पानी की समस्या खत्म हो जाएगी. ऐसा विश्वास विधायक ने व्यक्त किया है. इस भूमिपूजन के समय तुकाराम म्हात्रे, रवि पाटिल, निशांत पाटिल, हनिष मेनन, मजीप्रा के अधिकारी मिलिंद देशपांडे, मिलिंद बसनगर एवं शिवसेना के कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे.

# ठाणे में नये मतदाताओं की संख्या में 40 हजार का इजाफा

- कुल मतदाता 63 लाख 43 हजार 889 हुए

**ठाणे.** ठाणे जिले की मतदाता सूची में 12 जनवरी तक 48 हजार 471 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है. 27 अक्टूबर 2023 तक 63 लाख 43 हजार 889 मतदाता पंजीकृत थे. इसके बाद अभियान जारी रहा. इस हिसाब से अब कुल मतदाताओं की संख्या 63 लाख 92 हजार 360 दर्ज की गई है. देखा गया है कि नये वोटरों में करीब 40 हजार की बढ़ोतरी हुई है.



Demo Pic

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया है।

इस कार्यक्रम में चुनाव आयोग ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमों की तारीखों में बदलाव किया है. तदनुसार, ठाणे जिले में 22 जनवरी को 18 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की समेकित मसौदा मतदाता सूची

जिल्हाधिकारी व जिल्हा निवडणूक अधिकारी के कार्यालय, संबंधित मतदार नोंदणी अधिकारी के मध्यवर्ती कार्यालय, सहायक मतदार नोंदणी अधिकारी के कार्यालय तथा सर्व मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्रस्तरीय अधिकारी के मार्फत प्रसिद्ध की जाएगी.

**पुरुष एवं महिला मतदाता**

पुरुष मतदाताओं की संख्या 34 लाख 49 हजार 490, महिला मतदाताओं की संख्या 29 लाख 41 हजार 642, अन्य मतदाताओं की संख्या 1 हजार 228 है. साथ ही मतदाता पंजीकरण में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 30 हजार 130 से बढ़कर 69 हजार 720 हो गयी है.

**18 से 19 समूह**

इस बीच 5 जनवरी को महिलाओं का अनुपात (लिंग अनुपात) - 845 था. 27 अक्टूबर 2023 को महिलाओं की संख्या बढ़कर 848 हो गई है. जिसके बाद अब यही अनुपात 852 हो गया है. जिले में 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 69 हजार 720 हो गयी है.

**तृतीयपंथियों का पंजीकरण**

दिव्यांग मतदाताओं का पंजीयन 32 हजार 219 है। जबकि ठाणे जिले में सबसे अधिक 1,228 तृतीय पक्ष मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं।

## दारू बेचनेवाले के खिलाफ मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** वाल्मीक नगर, उल्हासनगर-1 में स्कूल के सामने गावठी दारू बेचते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ा है. मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर पुलिस ने बुधवार की शाम 6.15 बजे के करीब वाल्मीक नगर, उल्हासनगर-1 स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने गली में छापा मारा. यहां से पुलिस ने आरोपी नितेश हरिश्चंद्र जाडे (28) को अवैध गावठी शराब बेचते हुए पकड़ा और उसके खिलाफ महाराष्ट्र प्रोविजन कायदा कलम 65 (ई) के तहत अपराध दर्ज किया है.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सोशल मीडिया में जजों की ट्रोलिंग

बात अब मीडिया ट्रायल और अदालती फैसलों की आलोचना से कहीं आगे फैसले देने वाले जजों की ट्रोलिंग तक आन पहुंची है। यही कारण है कि हाल में भोपाल में आयोजित दसवें मप्र न्यायाधीश सम्मेलन में जिला न्यायालयों के जजों ने यह मुद्दा जोर शोर से उठाया और वरिष्ठ जजों से मार्गदर्शन मांगा कि न्यायाधीशों की ट्रोलिंग पर उन्हें क्या करना चाहिए? सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की ट्रोलिंग भी अदालती अवमानना हो सकती है या नहीं? सोशल मीडिया में किसी खास वैचारिक एजेंडे अथवा पूर्वाग्रह दुराग्रह के चलते गढ़े जाने वाले नरेटिव, न्यूसेंस और जजों की व्यक्तिगत आलोचना को किस रूप में लिया जाना चाहिए? क्योंकि भारत में सोशल मीडिया की नकेल कसने के लिए बहुत कड़े कानून नहीं है। ऐसे कानून बन भी जाएं तो फिर व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का क्या होगा? वैसे भी कई लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया दरअसल जनता की आवाज है। लाख आलोचना के बावजूद इसे दबाया नहीं जा सकता। सम्मेलन में शामिल देश के सुप्रीम कोर्ट के ज्यादातर न्यायाधीशों की राय यही थी कि जजों की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के मामलो को फिलहाल इग्नोर (अनदेखा) करना ही बेहतर है। भाव यही कि ऐसे तत्वों के मुंह लगने से कोई फायदा नहीं है। हालांकि यह उत्तर भी कई सवालों से भरा है। यूं न्यायपालिका के सामने नई चुनौती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) की भी है, लेकिन उसका मामला थोड़ा अलग है। न्यायाधीशों पर सोशल मीडिया के हमलों का मामला ज्यादा संवेदनशील इसलिए है क्योंकि अदालती फैसले समाज में न्याय की रक्षा का काम करते हैं। इसी से समाज को संचालित करने का दिशानिर्देश और सुसूत्रता भी मिलती है। अदालती फैसले हमेशा निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रतीत हों, ऐसा जरूरी नहीं है, लेकिन उन फैसलों की आलोचना तार्किक और कानूनी आधार पर ही की जा सकती है। लेकिन जब ऐसे फैसलों के पीछे न्यायाधीश के विवेक, न्यायिकता अथवा पूर्वाग्रह को लेकर सवाल उठाए जाने लगें, उनकी भद्दे ढंग से ट्रोलिंग की जाए तो तब न्यायाधीशों का विचलित होना स्वाभाविक है। सम्मेलन में शामिल कई जजों ने कहा कि वर्तमान में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि वाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर हमारे विरुद्ध अमर्यादित बातें होती हैं। जिन्हें फैसला पसंद नहीं आता, वे भ्रम फैलाते हैं। भद्दे कमेंट करते हैं। क्या ऐसा करने वालों पर हम (न्यायाधीश) कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट (अदालत की अवमानना) की कार्रवाई कर सकते हैं?

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की मौत से उपजे सवाल

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की मौत की घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि उत्साह के बरक्स संरक्षण को लेकर दूरदर्शिता में कमी और पारिस्थितिकी की बारीकियों को नजरअंदाज करना कैसे नतीजे दे सकता है। गौरतलब है कि मंगलवार को कूनो उद्यान में 'शौर्य' नाम के एक चीते की मौत हो गई। नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए गए चीतों में से अब तक दस की मौत हो चुकी है।

कुछ समय पहले से ऐसी लगातार घटनाओं को लेकर चिंता जताई जा रही है और अपेक्षा की जा रही है कि सरकार बचे हुए चीतों के जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय करेगी। मगर जिस तरह कुछ अंतराल पर चीतों की मौत की खबरें आ रही हैं, उससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या भारत का मौसम इन चीतों के लिए प्रतिकूल है या फिर यह व्यवस्था और देखरेख में कमी की वजह से उपजी समस्या है।

आखिर क्या वजह है कि नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाए जाने के कुछ समय बाद चीतों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया? अपने मूल देशों के जलवायु में रचे-बसे चीतों को भारत में लाने के साथ क्या यह सुनिश्चित किया गया कि उन चीतों को उनके अनुकूल पारिस्थितिकी मिल सके, ताकि वे अपना स्वाभाविक जीवन जी सकें!

भारत में 1952 में आधिकारिक रूप से एशियाई चीतों के लुप्त होने की घोषणा कर दी गई थी। हालांकि उन्नीसवीं सदी के पहले तक भारत और समूचे एशिया में चीते आम थे।



मगर बेलगाम शौक के तहत चीतों को कैद करने या फिर उनका शिकार करने की वजह से इस क्षेत्र के ज्यादातर देशों में एशियाई कहे जाने वाले चीते खत्म हो गए।

अब करीब सात दशक बाद भारत में चीतों को फिर से बसाने के लिए 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत प्रयास शुरू तो हुए, मगर इस बीच कूनो में जो चीते लाए गए, वे अफ्रीकी आबोहवा से जीवन पाने वाले हैं। इस बारे में आई एक खबर में शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के हवाले से यह भी बताया गया कि इस पुनर्वास के दौरान 'स्थानीय पारिस्थितिकी' के पहलू को नजरअंदाज किया गया।

इन चीतों की जरूरत के मुकाबले कूनो राष्ट्रीय उद्यान के आकार को भी बहुत कम बताया गया। हालांकि इस मसले पर उपजी आलोचनाओं और सुप्रीम कोर्ट की ओर से जताई गई चिंता के बाद सरकार ने पिछले साल यह सफाई दी थी कि इस बात पर विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि चीतों की मौतें किसी अंतर्निहित अनुपयुक्तता की वजह से हुईं। सवाल है कि फिर एक-एक करके चीते क्यों दम तोड़ते जा रहे हैं!

यह संभव है कि अफ्रीकी जलवायु के अभ्यस्त रहे चीतों को भारत का मौसम रास नहीं आ रहा हो और उनका शरीर यहां जीवित रहने को लेकर संतुलन बना पाने में नाकाम हो रहा हो। यह भी हैरानी की बात है कि बीते कई महीने से चीतों की मौत का सिलसिला कायम रहने के बावजूद अब तक उनके मरने का कोई स्पष्ट कारण नहीं खोजा जा सका है।

'प्रोजेक्ट चीता' के बावजूद जिस तरह यहां इस पशु की जान जा रही है, उससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि या तो उनकी पारिस्थितिकी और प्राकृतिक बनावट के मुताबिक जलवायु की जरूरत पर गौर करने की जरूरत नहीं समझी गई या फिर अब तक उनके रखरखाव को लेकर जरूरी समझ नहीं बन सकी है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बड़े शिकारी जीवों के इलाके में कई वनस्पतियों को फिर से पनपने के लिए अनुकूल स्थितियां बनती हैं। जिस तरह ये चीते अपना इलाका और जीवन खो रहे हैं, उसका असर न सिर्फ उनकी आबादी पर, बल्कि समूची पारिस्थितिकी पर पड़ेगा।





आध्यात्मिक शिक्षाओं का सच्चा महत्त्व उनका अभ्यास करने में है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# 'इंडिया' गठबंधन की बढ़ती मुश्किलें

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की घोषणा भले अभी दो महीने बाद करेगा, पर देश की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द घूम रही है। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख समूह भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा 'इंडिया' गठबंधन हैं। इन दो प्रमुख समूहों की स्थिति के आकलन से लोकसभा चुनाव की अस्पष्ट ही सही, लेकिन तस्वीर जरूर बन जाती है। भाजपा ने कहा है कि वह 2024 में 50 फीसदी वोट का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है। जबकि, 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराकर समय की धारा को फिर न पहचानने का प्रमाण दिया है। खुद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा निमंत्रण ठुकराने पर दुख भी प्रकट कर दिया है।




वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।

चुनाव में नेतृत्व का चेहरा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नरेंद्र मोदी के समानांतर विपक्ष में कोई नेता नहीं, जिसे जनता उनके समक्ष या बड़ा मान सके। 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व को लेकर व्यापक मतभेद हैं, क्योंकि अनेक नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वहीं, विपक्ष मोदी, संघ और भाजपा विरोध की नीतियों तक सीमित है। विपक्षी नेताओं ने जिस तरह सनातन और हिंदुत्व से लेकर उत्तर के राज्यों को गोमूत्र की संज्ञा देने तथा उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने संबंधी बयान दिए हैं, उनसे देश के बहुमत में जो नाराजगी पैदा हुई है, उसे संतुलित करने के लिए जितने बड़े मुद्दे और जैसे चेहरे चाहिए, विपक्ष में उनका नितांत अभाव है। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में विजय से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 2019 से बेहतर प्रदर्शन करेगी। 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 303 लोकसभा सीटों में तेलंगाना से चार मिली थी, हालांकि तेलंगाना के इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार की तुलना में ज्यादा सीटें मिली हैं। कर्नाटक में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 51.38 फीसदी वोट तथा 25 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस के पास मात्र एक सीट थी। भाजपा के लिए अच्छी बात यह है कि 2023 विधानसभा चुनाव में यहां उसकी सीटें घटी, वोट नहीं। हां, कांग्रेस के मतों में पांच फीसदी की बढ़ोतरी अवश्य हुई। दोनों राज्यों में मुसलमानों का मत कांग्रेस के पक्ष में ध्रुवीकृत हुआ है। मुस्लिम मत खिसकने के कारण ही कर्नाटक में जद-एस भाजपा के साथ आया है।

# डैशबोर्ड पर बनी पेट्रोल की टंकी के पास में क्यों होता है तीर का निशान?

लोग गाड़ियां चलाना तो सीख जाते हैं, पर उन्हें कई बार गाड़ियों से जुड़ी अनोखी जानकारियां नहीं होती हैं. कई लोग तो जब ज्यादा उम्र के हो जाते हैं, तब उन्हें गाड़ियों से जुड़ी रोचक बातों को पता चलता है और वो हैरान होते हैं कि सारी जिंदगी कार या बाइक चलाने के बाद भी वो ये बातें नहीं जानते थे. ऐसा ही कुछ एक इंग्लैंड की महिला के साथ हुआ जिसे पता चला कि कार के डैशबोर्ड पर बनी पेट्रोल की टंकी के बगल में एरो, यानी तीर का निशान क्यों होता है. उसने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए हैरानी जताई है.

## जरा हट के




डेली मेल न्यूज वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार Atinuke Awe, लंदन की रहने वाली हैं और एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं. हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वो अपने दर्शकों को बता रही हैं कि गाड़ी के डैशबोर्ड में बने एरो का क्या मतलब होता है. उन्होंने लिखा कि ये आसान सा लाइफ हैक है.

### बताया क्यों बना होता है एरो


महिला अपनी कार में बैठी है और लोगों को अपनी हैरानी दर्शा रही है. वो फिर अपने डैशबोर्ड की तरफ कैमरा घुमा देती है और कहती है कि उसे आज जाकर पता चला कि पेट्रोल टैंक के साइन के साथ ये एरो क्यों होता है. उसने बताया कि जब पेट्रोल खत्म होने लगता है तो ये टैंक और एरो ब्लिंक करता है. दरअसल, एरो ये बताता है कि कार में टैंक का छोटा सा दरवाजा कार के किस ओर बना हुआ है. इसके जरिए जब लोग अपनी गाड़ी को पेट्रोल पंप पर ले जाते हैं, तो एरो से कार को ऐसी दिशा में खड़ा करते हैं, जिससे वो आसानी से तेल भरवा सकें.

महिला ने लोगों से पूछा कि क्या और भी कोई है जिसे इसके बारे में जानकारी नहीं है...तो कई लोगों ने पोस्ट पर कमेंट कर बताया कि वो भी उसी की तरह हैं और उन्हें भी नहीं पता था. एक ने कहा कि उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी, जबकि एक ने कहा- "ये देखकर तो मैं बेवकूफ जैसा लग रहा हूं क्योंकि मुझे इसके बारे में नहीं पता था."

# 40 की उम्र के बाद बढ़ने लगती हैं आंखों की समस्याएं

### ■ ये चार टिप्स सभी के लिए फायदेमंद

आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के नजारे ले पाते हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर 40 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अब कम उम्र के लोगों में भी आंखों की समस्याएं बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चों में कम दिखाई देने, रोशनी की कमी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके कारण कम उम्र में ही चश्मा लग जा रहा है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। विशेषतौर पर 40 की उम्र के बाद आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण आंखों से संबंधित दिक्कतें बढ़ती हुई देखी जा रही हैं।



### ■ कम उम्र से ही पौष्टिक आहार पर दें ध्यान

पौष्टिक आहार संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी हैं। आंखों की रोशनी को भी बेहतर बनाए रखने, रेटिना और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का जरूर शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा आहार जो विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हों, आंखों को स्वास्थ रखने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, बादाम, अंडे के साथ खट्टे फलों को आहार का हिस्सा बनाकर आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

### ■ कम करें स्क्रीन टाइम

स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाला समय। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि आपका स्क्रीन टाइम जितना अधिक होगा, आंखों के लिए उतनी समस्याएं हो सकती हैं। हमारी आंखों में आंसू के रूप में नमी होती है। ये आंसू की फिल्म पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स और प्रोटीन और एंजाइम से बनी होती है। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण समय के साथ आंसू सूखने लगते हैं, हमारी आंखें शुष्क होती जाती हैं। आंखों में नमी कम होने से दर्द, लालिमा, रगड़ बढ़ जाती है जिससे आंखों की नाजुक त्वचा को क्षति पहुंच सकती है।

### ■ आंखों का व्यायाम जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह से व्यायाम जरूरी है, आंखों के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। आंखों के व्यायाम के लिए हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत बनाएं। आंखों को थोड़ी-थोड़ी देर पर बंद करके क्लाक और एंटीक्लाक वाइज घुमाएं। आंखों की मांसपेशियों को मजबूत रखने, रक्त का संचार बढ़ाने में कुछ योग के अभ्यास को काफी लाभकारी पाया गया है।

### ■ नियमित जांच जरूरी

उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है, पर इसकी शुरुआत काफी पहले से ही हो जाती है। हमें इसका पता तब चल पाता है जब समस्या काफी बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से आंखों की जांच कराई जाए। आंखों की कई ऐसी बीमारियां हैं जो बिना किसी लक्षण के लंबे समय तक बनी रहती हैं और अंदर ही अंदर क्षति पहुंचाती रहती हैं इसलिए वार्षिक नेत्र जांच कराना महत्वपूर्ण है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप या नेत्र रोग के पारिवारिक इतिहास वाले लोगों को साल में कम से दो बार डॉक्टर की सलाह पर जांच करानी चाहिए।




# पनीर के चटपटे पकौड़े

मूंग की दाल और पनीर की स्टफिंग वाले पनीर पकौड़े टेस्टी लगते हैं। जानें बनाने की आसान सी रेसिपी। इसे बनाने में बहुत सारा झंझट करने की जरूरत नहीं होगी।

### सामग्री

- एक कप मूंग की दाल
- एक कप छिलके वाली मूंग की दाल
- सौ ग्राम पनीर
- 4-5 लहसुन की कलियां
- एक इंच अदरक का टुकड़ा
- दो हरी मिर्च
- बारीक कटी हरी मेथी
- बारीक कटा पालक
- हरा प्याज बारीक कटा हुआ
- घिसा गाजर एक
- नमक स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- सौंफ पाउडर
- दो चम्मच तेल
- अजवाइन दो चम्मच
- घिसा हुआ आलू

### रेसिपी



हरी मूंग की दाल और मूंग की दाल को समान मात्रा में लेकर भिगो दें। करीब 4-5 घंटा भीगने के बाद इसे अच्छी तरह से धोकर साफ कर लें। फिर इस दाल को मिक्सर जार में डालें और साथ में हरी मिर्च, लहसुन की कलियां और अदरक के टुकड़े को मिलाकर पीस लें। अब इस पेस्ट को किसी बाउल में निकालें और सब्जियों को मिलाएं।

सब्जियों में हरी मेथी बारीक कटी हुई, पालक बारीक काट कर मिक्स कर लें। इसके अलावा घिसे आलू, गाजर को मिला लें। स्प्रिंग अनियन भी मिक्स किया जा सकता है। साथ में मसालों को मिलाएं। धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, अजवाइ और सौंफ को मिक्स करें। स्वादानुसार नमक डालें। दो चम्मच गर्म तेल को बैटर में डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। अब पनीर के चौकोर टुकड़ों को लेकर इसमे चाट मसाला छिड़कें। करीब आधे घंटे रखने के बाद इन टुकड़ों को बैटर में डालें और मूंग के बैटर की कोटिंग करके गर्म तेल में धीमी आंच पर तलें। जिससे कि सारे पकौड़े अंदर तक पक जाएं और क्रिस्पी बनें। बस तैयार है टेस्टी पनीर मूंग के पकौड़े, इसे ग्रीन चटनी के साथ सर्व करें।

# करेले का कड़वापन दूर करें, अपनाएं ये टिप्स



### ■ नमक

करेले का कड़वापन दूर करने के लिए सबसे पहले करेले को काटकर उसके ऊपर नमक छिड़क कर उसे 20 मिनट के लिए अलग रख दें। करेले पर नमक लगाकर छोड़ने से उसका सारा कड़वा रस निकल जाता है। 20 मिनट बाद करेले को निचोड़कर आप उसकी सब्जी बना सकते हैं। करेला कड़वा नहीं लगेगा।

### ■ इमली

करेले का कड़वापन दूर करने के लिए इमली के गूदे और पानी का एक घोल तैयार करके उसमें कटे हुए करेले को लगभग आधे घंटे के लिए भिगोकर छोड़ दें। इमली का खट्टापन करेले की कड़वाहट कम करने में मदद करता है। सब्जी बनाने से पहले इमली के पानी से करेले निकालकर उन्हें साफ पानी से धो लें। ऐसा करने से आपकी सब्जी बहुत टेस्टी बनेगी।

### ■ नींबू

करेले का कड़वापन दूर करने के लिए सबसे पहले करेले को स्लाइस में काटकर नींबू के रस में 15 से 20 मिनट के लिए रख दें। नींबू के रस का खटासपन करेले की कड़वाहट को कम करने में मदद करता है। सब्जी बनाने से पहले करेले को साफ पानी से जरूर धो लें।

### ■ ब्लैंचिंग-

करेले की कड़वाहट दूर करने के लिए आप ब्लैंचिंग का उपाय भी आजमा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी उबालकर उसमें कटा हुआ करेला डालकर उसे 5 मिनट उबाल लें। अब एक बर्तन में करेला डालकर उसके ऊपर बर्फ के टुकड़े डाल दें। इसके बाद करेले का पानी निकाल कर सब्जी तैयार कर लें।

# मोटापे को कंट्रोल करने के टिप्स

सर्दियों के मौसम में लोगों को अक्सर यह शिकायत रहती है कि उनका वजन लगातार बढ़ रहा है। हालांकि बढ़ते वजन के पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा कारण व्यक्ति के मेटाबॉलिज्म का धीमा पड़ता होता है। ठंड में अगर आप भी इस समस्या से परेशान रहते हैं और इस सवाल का जवाब और उपाय खोज रहे हैं तो ये खबर आपकी मुश्किल को आसान बना सकती है। सर्दियों में व्यक्ति का मेटाबॉलिज्म यानी चयापचय क्रिया काफी स्लो हो जाती है। लेकिन इस मौसम में व्यक्ति शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए कैलोरी का अधिक सेवन करता है। लंबे समय तक अधिक कैलोरी वाला भोजन करने से व्यक्ति का वजन तेजी से बढ़ने लगता है।


### ■ सर्दियों में वेट लॉस के लिए करें ये उपाय-

### ■ खूब पानी पिएं

व्यक्ति को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हेल्थ एक्सपर्ट उसे दिन में कम से कम दो से तीन लीटर पानी पीने की सलाह देते हैं। अगर आप ठंड की वजह से पानी पीने से बच रहे हैं तो पानी को गुनगुना करके पिएं।

### ■ गर्म चीजें खाएं

गर्म पानी पीने के अलावा,व्यक्ति खुद को गर्म रखने के लिए कांजी,हल्दी वाला दूध, कश्मीरी कहवा,सूप,शोरबा,हर्बल चाय जैसे ड्रिंक्स का सेवन कर सकता है। ये सभी चीजें वेट लॉस में मदद करने के साथ शरीर को भीतर से गर्म बनाए रखने में भी मदद करेंगी।




### ■ वर्कआउट करें

कई बार लोग ठंड की वजह से एक्सरसाइज करने में आलस करने लगते हैं। लेकिन पूजा कहती हैं कि अगर आप जिम जाकर एक्सरसाइज नहीं करना चाहते हैं तो घर पर ही एरोबिक्स,जुम्बा जैसी इनडोर एक्टिविटीज को रूटीन का हिस्सा बनाएं।

### ■ सर्दियों की धूप को ना करें मिस

अगर आप वेट लॉस चाहते हैं तो सर्दियों की धूप जरूर सेंके। ऐसा इसलिए क्योंकि विटामिन डी की कमी शरीर में मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकती है। जिससे वेट लॉस जर्नी में मुश्किल आ सकती है। इसलिए सर्दियों के मौसम में कुछ समय के लिए ही सही लेकिन धूप जरूर सेंके।

### ■ अच्छा खाएं


सर्दियों के मौसम में हलवा, लड्डू जैसी चीजें खूब खाई जाती हैं। लेकिन वेट को कंट्रोल रखने के लिए आपको इस मौसम में मिलने वाली हरी सब्जियों पर भी ध्यान देना चाहिए।

हरी सब्जियां आपकी बॉडी को डिटॉक्स करके वेट को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। ऐसा नहीं है कि आप लड्डू या हलवा नहीं खा सकते हैं। बस आपको उसकी मात्रा का ध्यान रखना है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल


**मेष** : शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे।


**वृषभ** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे।


**मिथुन** : नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा।


**कर्क** : धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा।


**सिंह** : सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम के कार्य टालें।


**कन्या** : ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।


**तुला** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।


**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।


**धनु** : कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।


**मकर** : घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।


**कुंभ** : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय होगा। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी।


**मीन** : वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### गुहार लगाता रहा यात्री, टीटीई मारता रहा थप्पड़, रेलवे ने लिया एक्शन, सस्पेंड

**लखनऊ.** ट्रेन में बेटिकट रेल यात्री से दुर्व्यवहार करना सीटीआई को महंगा पड़ गया। टीटीई के इस बर्ताव पर रेलवे ने एक्शन लिया और टीटीई को तुरंत सस्सपेंड कर दिया। दरअसल सोशल मीडिया पर बरौनी से लखनऊ आ रही ट्रेन नंबर 12503 में रेल यात्री को पीटने का वीडियो में वायरल हो गया। यह वीडियो गोंडा से बाराबंकी के बीच एस-6 में टिकट चेकिंग करते हुए डिप्टी सीटीआई श्री प्रकाश का था। बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री की पिटाई का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ के निर्देश पर सक्षम प्राधिकारी ने संबंधित चेकिंग स्टाफ को उसके दुर्व्यवहार के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए घटना के विभागीय जाचं के आदेश दिए है।

### ज्ञानवापी में सील वुजूखाने का शनिवार को खुलेगा ताला, पानी की होगी सफाई

**वाराणसी.** वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी में सील वुजूखाने का शनिवार को ताला खुलेगा। डीएम की मौजूदगी में यहां पर साफ सफाई का काम होगा। वुजूखाने में मरी मछलियों और पानी की सफाई की जाएगी। गुरुवार को वाराणसी के डीएम एस राजलिंगम ने मुकदमे के दोनों पक्षों व पुलिस प्रशासन के साथ बैठक कर इस बारे में निर्णय लिया। सुबह नौ बजे से 11 बजे के बीच सफाई का काम होगा। काशी विश्वनाथ धाम परिसर में हुई बैठक में मुस्लिम पक्ष ने वुजू के लिए और बेहतर व्यवस्था की मांग भी की। हिंदू पक्ष के प्रार्थना पत्र पर सुप्रीम कोर्ट ने दो दिन पहले डीएम की निगरानी में सफाई का आदेश दिया था।

### आईआईटी कानपुर में 8 दिन में दूसरा सुसाइड, 20 दिन पहले आई पीएचडी छात्रा ने जान दी

**कानपुर.** आईआईटी कानपुर में गुरुवार को एक पीएचडी छात्रा प्रियंका जायसवाल ने अपने रूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हॉस्टल वार्डन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 20 दिन पहले ही छात्रा पीएचडी करने आईआईटी आई थी। 8 दिनों में यहां दूसरा सुसाइड की वारदात हुई है। इससे पहले 10 जनवरी को एमटेक के छात्र विकास मीणा ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। मूल रूप से झारखंड के दुमका की रहने वाली प्रियंका जायसवाल कानपुर आईआईटी से केमिकल इंजीनियरिंग से पीएचडी कर रही थी। प्रियंका ने पिछले महीने 29 दिसंबर को ही संस्थान में दाखिला लिया था।

### बरेली में बेटियों के सामने महिला की गला घोंटकर हत्या, आरोपी की तलाश में लगी पुलिस

**बरेली.** बरेली जिले में इज्जतनगर में निर्माणाधीन बस स्टेशन में श्रमिक का कार्य करने वाली महिला की उसकी बेटियों के सामने गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पीलीभीत के गजरौला में रहने वाली 32 वर्षीय सुनीता इज्जतनगर में केंद्रीय कारागार के पास बन रहे बस स्टेशन में मजदूरी का काम करती थी। उसी परिसर में बने कमरे में सुनीता अपनी बेटियों पूजा और कीर्ति के साथ रहती थी। बेटियों ने बताया कि पीलीभीत में ही रहने वाला अशोक उनकी मां के पास आता जाता था। बुधवार रात भी अशोक उनकी मां के पास आया था और देर रात उसने गला घोंटकर उनकी मां की हत्या कर दी। गुरुवार सुबह सुनीता का शव बस स्टेशन परिसर में ही पड़ा मिला।

# रामलला की मूर्ति गर्भगृह पहुंची



- शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद बोले- पुरानी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो

**अयोध्या.** अयोध्या में 16 जनवरी से शुरू हुए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का गुरुवार 18 जनवरी को तीसरा दिन है। रामलला की मूर्ति गर्भगृह में पहुंच गई है। इसकी स्थापना रामयंत्र पर होगी।

इससे पहले 17 जनवरी को गर्भगृह में स्थापित होने वाली रामलला की 200 किलो वजन की नई मूर्ति को जन्मभूमि मंदिर परिसर लाया गया था। इस दौरान मूर्ति को परिसर भ्रमण कराना था, लेकिन भारी होने के कारण इसकी जगह रामलला की 10 किलो की चांदी की मूर्ति परिसर में घुमाई गई।

इस बीच, ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्य वेदी पर रामलला विराजमान की ही प्राण प्रतिष्ठा होनी चाहिए। स्वयंभू प्रतिमा की जगह दूसरी मूर्ति स्थापित नहीं की जा सकती। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूरा कार्यक्रम 40 मिनट का रहेगा। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी गर्भगृह में मौजूद रहेंगे।

## PM मोदी ने जारी किया डाक टिकट

- हनुमान-जटायु और सबरी पर भी पोस्टेज स्टैंप



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इसके अलावा उन्होंने दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक को भी लॉन्च किया है। डाक टिकट के डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी और मंदिर के आसपास की मूर्तियों को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि भारत-अमेरिका सहित कुल 21 देशों में भगवान राम पर डाक टिकट जारी किए जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जो टिकटों की पुस्तक जारी की है उनमें 6 टिकटें शामिल हैं। राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी पर डाक टिकट शामिल है। पीएम मोदी ने अपने वीडियो संबोधन में कहा, 'आज राम मंदिर से जुड़े 6 स्मारक डाक टिकट जारी किए गए। साथ ही प्रभु श्रीराम से जुड़े जो डाक टिकट जारी किए गए हैं उनका एक एलबम जारी किया गया है।'

पीएम नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर कहा, ₹पोस्टल स्टैंप का कार्य हम सभी जानते हैं लेकिन पोस्टल स्टैंप एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पोस्टल स्टैंप इतिहास और ऐतिहासिक अवसरों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी होते हैं।₹

आपको बता दें कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भगवान राम की मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में रख दिया गया है

### बिलकिस के 5 दोषियों ने SC में याचिका दाखिल की

**नई दिल्ली.** बिलकिस बानो मामले के 11 दोषियों में से 5 ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके जेल में सरेंडर करने के लिए और समय मांगा है। उनके वकीलों ने दलील दी है कि सरेंडर करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया गया था, वह 22 जनवरी को खत्म हो रहा है, ऐसे में उनकी याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार कर लिया है।

इन पांच दोषियों में गोविंदभाई नई, प्रदीप मोरधिया, बिपिन चंद्र जोशी, रमेश चंदना और मितेश भट्ट शामिल हैं। इन दोषियों में से किसी ने अपने बेटे की शादी, किसी ने पैर की सर्जरी, किसी ने माता-पिता की देखभाल करने, किसी ने फसलों की कटाई का कारण बताकर सरेंडर की तारीख में एक्सटेंशन मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो का गैंगरेप करने के 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था।

## एअर इंडिया-स्पाइसजेट पर 30-30 लाख का जुर्माना

- कोहरे के दौरान ट्रेंड पायलट्स की ड्यूटी नहीं लगाई थी, इससे कई फ्लाइट्स लेट-डायवर्ट हुईं

**नई दिल्ली.** खराब मौसम में पायलट्स की ड्यूटी लगाने में लापरवाही बरतने को लेकर स्पाइसजेट और एअर इंडिया पर 30-30 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एसोसिएशन (DGCA) ने बुधवार (17 जनवरी) को दोनों एयरलाइंस के खिलाफ ये कार्रवाई की। DGCA की तरफ से बताया गया कि दिसंबर 2023 में फ्लाइट्स के लेट, कैंसिल और डायवर्ट होने के डेटा का एनालिसिस किया गया था। इसमें पता चला कि कोहरे के कारण 25 से 28 दिसंबर के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 60 फ्लाइट्स लेट हुई थीं। इनमें सबसे ज्यादा एअर इंडिया और स्पाइसजेट की फ्लाइट्स थी। जांच में पता चला कि एअर इंडिया और स्पाइसजेट ने खराब मौसम के बावजूद CAT-3 की ट्रेनिंग ले चुके पायलट को ड्यूटी पर नहीं लगाया गया था। दोनों एयरलाइंस ने विमान उड़ाने की जिम्मेदारी उन पायलट्स को सौंपी, जिनके पास CAT-3 की ट्रेनिंग नहीं थी। इसके कारण ज्यादातर फ्लाइट्स लेट और डायवर्ट हुईं।

## मेरे दादा ने पहले ही चेताया था...

### राम मंदिर का न्योता भीमराव आंबेडकर के पोते ने किया खारिज



**मुंबई.** विपक्ष के कई नेताओं की तरह वंचित बहुजन अघाड़ी के नेता प्रकाश आंबेडकर ने भी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार किया है। उन्होंने राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्योते को खारिज करते हुए इसे चुनावी फायदे के लिए किया जा रहा आयोजन बता दिया है। उन्होंने ट्रस्ट के सचिव चंपत राय के नाम लिखे पत्र में कहा, 'इस समारोह में मैं शामिल नहीं होऊंगा। मेरे शामिल न होने का कारण यह है कि भाजपा और आरएसएस ने इसे हथिया लिया है। एक धार्मिक समारोह चुनावी फायदे के लिए राजनीतिक अभियान बन चुका है।'

इसके आगे उन्होंने अपने दादा बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की बात का जिक्र करते हुए कहा है कि उन्होंने पहले ही चेताया था कि यदि किसी धर्म और पंथ को देश से ऊपर रखा गया तो हम आजादी खो देंगे। उन्होंने लिखा, 'मेरे दादा ने चेताया था कि अगर राजनीतिक पार्टियां धर्म और पंथ को देश से ऊपर रखेंगी तो हमारी आजादी दूसरी बार खतरे में आ जाएगी और इस बार शायद हम उसे हमेशा के लिए खो देंगे।' प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि आज यह डर सही साबित हो गया है। धर्म, पंथ को देश से ऊपर रखने वाली भाजपा-आरएसएस अपने राजनीतिक फायदे के लिए इस समारोह को हड़प चुकी है।

प्रकाश आंबेडकर के अलावा एनसीपी के नेता शरद पवार भी राम मंदिर के न्योते से इनकार कर चुके हैं। यही नहीं उनके अलावा कांग्रेस भी न्योते को खारिज कर चुकी है। बता दें कि प्रकाश आंबेडकर महाराष्ट्र की अकोला सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं, लेकिन 2014 और 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार वह INDIA अलायंस के साथ गठबंधन में उतर सकते हैं। हालांकि उन्हें NDA की ओर से भी रामदास आठवले ने साथ आने का न्योता दिया है। यही नहीं पिछले दिनों उन्होंने कहा था कि यदि वह हमारे साथ आएं तो मैं अपना केंद्रीय मंत्री पद उन्हें देने को तैयार हूं। इसके लिए वह अकोला लोकसभा सीट से भी उतर सकते हैं, हम एनडीए की ओर से उन्हें यह सीट दे देंगे।

## अब उदयनिधि ने राम पर उगली आग

- कहा- मस्जिद तोड़कर मंदिर बनाना स्वीकार नहीं



**चेन्नई.** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने अब अयोध्या में निर्मित राम मंदिर पर सवाल उठा दिए हैं। उन्होंने कहा है कि मस्जिद तोड़कर मंदिर बनाना डीएमके को स्वीकार नहीं है। इससे पहले वह सनातन धर्म की तुलना भी कोरोनावायरस और डेंगू जैसी बीमारियों से कर चुके हैं। खास बात है कि डीएमके विपक्षी गठबंधन INDIA में शामिल है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि ने चेन्नई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, 'डीएमके किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है, लेकिन मस्जिद को गिराकर मंदिर का निर्माण करना स्वीकार नहीं करता है।' इस दौरान उन्होंने राज्य के विपक्षी दल AIADMK के कार्यक्रम में नहीं जाने पर भी प्रतिक्रिया दी। उदयनिधि ने कहा, 'ये उनका निजी मामला है।' उन्होंने कहा, 'वे पहले भी कारसेवकों को अयोध्या भेज चुके हैं।'

### डिप्टी सीएम बनने वाले हैं उदयनिधि?

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अटकलें लगाई जाने लगी थी कि उदयनिधि को तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा था। खुद उदयनिधि इसे अफवाह करार दे चुके हैं। वह राज्य के पूर्व सीएम करुणानिधि के पोते हैं।

### सनातन का विरोध

बीते साल एक कार्यक्रम के दौरान उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ भी जमकर बयानबाजी की थी। उन्होंने कहा था, 'कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता। उन्हें खत्म ही किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छरों, मलेरिया या कोरोनावायरस का विरोध नहीं कर सकते। हमें इसे उखाड़ फेंकना होगा। इसी तरह हमें सनातन को भी उखाड़ना होगा।' उनके इस बयान को लेकर काफी विरोध भी हुआ था। 22 जनवरी, सोमवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होने जा रहा है। बुधवार को मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति भी स्थापित कर दी गई है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समेत INDIA के कई बड़े दलों को वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर चुके हैं।

संसद सुरक्षा चूक मामला

### नीलम की जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली.** संसद सुरक्षा चूक मामले की आरोपी नीलम की जमानत अर्जी दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दी। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध किया है। कोर्ट में पुलिस ने कहा कि हरियाणा के जींद की रहने वाली नीलम पर गंभीर आरोप लगे हैं। उसे जिस UAPA कानून के तहत नामजद किया गया है, उसमें उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा हो सकती है।

पुलिस ने कहा कि नीलम और उसके साथियों ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगा देश की एकता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। उनके खिलाफ UAPA के सेक्शन 16 (टेररिज्म) और 18 (आतंकी साजिश) की धारा भी जोड़ी गई है।

## 22 को केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश, शराब-मीट नहीं बिकेगा



**नई दिल्ली.** अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश के केंद्रीय संस्थानों में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। इसको लेकर सरकार ने गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सुबह से लेकर दोपहर ढाई बजे तक सरकारी कार्यालयों और स्कूल-कॉलेज में आधे दिन की छुट्टी रहेगी। ऐसा इसलिए ताकि लोग रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लाइव देख सकें। इसके अलावा 5 राज्यों में दिनभर का अवकाश रहेगा। वहीं, 7 राज्यों में मीट और शराब की बिक्री नहीं होगी।

#### प्राण प्रतिष्ठा के दिन कितने राज्यों में छुट्टी

अब तक 5 राज्यों ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इनमें UP, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा शामिल हैं। राजस्थान सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग आज यानी 18 जनवरी को होगी, जिसमें 22 जनवरी को सरकारी अवकाश को लेकर फैसला होगा।

#### इन 7 राज्यों में रहेगा ड्राई डे

- छुट्टी के ऐलान के साथ 7 राज्यों की सरकार ने प्रदेश में ड्राई डे की भी घोषणा की है। यानी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन हर शराब की दुकानें बंद रहेगीं। इनमें यूपी, राजस्थान, असम, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं। इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने आधिकारिक तौर पर ऐलान किया है कि प्रदेश में ड्राई डे रहेगा। साथ ही लोग अपने घर और आस पास के मंदिरों में दीप जलाकर कर दीपोत्सव मनाएं।

## रोहित T-20I में 5 शतक लगाने वाले पहले बैटर

- बतौर भारतीय कप्तान सबसे ज्यादा रन
- भारत के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप की



बेंगलुरु में रोमांच से भरे टी-20 मुकाबले को भारत ने 40 ओवर के खेल और 2 बार हुए सुपर ओवर के बाद जीता। अफगानिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंचा, लेकिन टीम के खिलाड़ी निराशा लेकर ही अपने देश लौटे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 212 रन बनाए, जवाब में अफगानिस्तान ने भी 212 रन बना दिए।

मामला सुपर ओवर तक पहुंचा। पहली बार हुए सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 16-16 रन बनाए। फिर दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 11 रन बनाए, लेकिन अफगानिस्तान एक ही रन बना सका। टी-20 इंटरनेशनल में पहली बार एक ही मैच में 2 सुपर ओवर फेंके गए।

सीरीज के शुरुआती 2 मैचों में खाता भी नहीं खोल सके रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल (T-20I) में 5वां शतक लगाया। उन्होंने रिंकू सिंह के साथ 190 रन की पार्टनरशिप की, जो भारत के लिए सबसे बड़ी रही। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने 20वें ओवर में करीम जनत के खिलाफ 36 रन भी बटोरे।

### रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले कप्तान बने

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा टी-20 इंटरनेशनल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर बन गए। रोहित ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ओएन मोर्गन का रिकॉर्ड तोड़ा। मॉर्गन के नाम बतौर कप्तान 86 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड है। अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित ने कुल 8 सिक्स लगाए और इस फॉर्मेट में बतौर कप्तान 90 सिक्स तक पहुंच गए।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का 5वां दिन, नगालैंड से असम पहुंचे राहुल, बोले-

## यहां की सरकार देश में सबसे भ्रष्ट, जनता को लूट रही भाजपा



**कोहिमा.** कांग्रेस की भारत जोड़ा न्याय यात्रा के पांचवें दिन राहुल गांधी नगालैंड से असम पहुंचे। उन्होंने असम के शिवसागर जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राहुल ने कहा- भाजपा और RSS देश में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक अन्याय कर रही है। भारत जोड़ा न्याय यात्रा का लक्ष्य हर धर्म, हर जाति के लोगों को एकजुट करने के साथ इस अन्याय के खिलाफ लड़ना भी है।

राहुल ने असम में भाजपा की हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा- असम में देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। भाजपा देश में नफरत फैलाने के साथ जनता का पैसा लूट रही है। हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम का मुद्दा उठाएंगे।

राहुल ने कहा- मणिपुर में सिविल वॉर का माहौल बना हुआ है। PM मोदी आज तक वहां नहीं गए। नगालैंड में पीएम ने बड़े वादे किए थे। वहां के लोग पूछ रहे हैं कि PM के वादों का क्या हुआ। ऐसी ही चीजें असम में भी हो रही हैं।

#### राहुल 25 जनवरी तक असम में रहेंगे

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि असम में 18 से 25 जनवरी तक न्याय यात्रा होगी। असम सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा यहां सफल न हो। हालांकि, हमें विश्वास है कि युवाओं और महिलाओं सहित असम के सभी वर्ग राहुल गांधी की बात सुनेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के चौथे दिन बुधवार को राहुल गांधी नगालैंड में थे। उन्होंने सुबह 9 बजे नगालैंड के वीकेटाउन, झुनहाबोटो से यात्रा की शुरुआत की। मोकोकचुंग में उन्होंने सभा ली। इसके बाद यात्रा चुचुयिम्बेंग गांव और रांगकोंग पहुंची। इसके बाद यात्रा तुली पहुंची।

## कोचिंग में बैठे-बैठे छात्र की कार्डियक अरेस्ट से मौत



- प्रोटीन और बाल झड़ने से बचाने की दवा लेता था

**इंदौर.** इंदौर के कोचिंग क्लास में एक स्टूडेंट की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। उसकी पहचान राजा (18) के रूप में की गई। वह बुधवार (17 जनवरी) को कोचिंग क्लास में बेंच पर बैठे-बैठे नीचे गिर गया था। राजा के दोस्त उसे अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह प्रोटीन डाइट लेता था। कोचिंग आने के पहले नियमित रूप से जिम भी जाता था। उसके सिर के बाल कम हो रहे थे। इसका भी इलाज चल रहा था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉ. भरत वाजपेयी के मुताबिक शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में कार्डियक अरेस्ट के लक्षण पाए गए हैं।

इंदौर की भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक, राजा सर्वानंद नगर में किराए के मकान में रहता था। वह बीए फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। साथ में आकार IAS कोचिंग इंस्टीट्यूट में पीएससी की तैयारी कर रहा था। बुधवार दोपहर कोचिंग में पढ़ाई के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी थी।

राजा की मौत की खबर सुनकर परिवार के लोग अस्पताल पहुंचे। वहां परिजन बेसुध हो गए। घटना की जानकारी लेने के लिए परिजन कोचिंग इंस्टीट्यूट भी गए। परिवार का आरोप है कि कोचिंग इंस्टीट्यूट ने उन्हें सीसीटीवी के सभी फुटेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। राजा के परिवार में उसका एक बड़ा भाई है, जो मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है।


### आम सूचना

हम श्री दिलीप लेखराजमल रंगवाणी व श्रीमती देवकी दिलीप रंगवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 306, 3रा माला, महान अपार्टमेंट, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 14बीआय015650900) उक्त प्रॉपर्टी मैंने सरदार गोपूसिंघ नानूसिंघ गुलवानी व सरदार संगतसिंघ नानूसिंघ गुलवानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.4.1993 द्वारा हमें खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री दिलीप लेखराजमल रंगवाणी व श्रीमती देवकी दिलीप रंगवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री हरेश मोहिंदर पोपले सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन ऑफ रुम (ग्राउंड+1ला माला) सामने, बैरक नं. 732, पंजाबी कॉलोनी, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 27बीओ004785700(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री संतोकसिंघ तोतासिंघ लबाणा व श्री रघबीर सिंघ तोतासिंघ लबाणा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 19.5.2022 सी.नं. 1923 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हरेश मोहिंदर पोपले**

### आम सूचना

मैं श्री ईंदुर गोबिंदराम दर्याणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि अनमोल साई अपार्टमेंट, बैरक नं. 422 रुम नं. 22, गोल मैदान के पास, 1ला माला, फ्लैट नं. 104, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 12बीआय017998200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती हरीबाई गोबिंदराम दर्याणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 30.6.1999 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री ईंदुर गोबिंदराम दर्याणी**

### आम सूचना

मैं श्री अनिल लक्ष्मणदास कारिरा सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 5-ए, ग्राउंड फ्लोर, गागन शॉपिंग सेंटर, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 28बीआय017681000) उक्त प्रॉपर्टी श्री श्यामलाल लछमणदास के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.12.2014 सी.नं. 385 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री अनिल लक्ष्मणदास कारिरा

## संक्षेप...

### मटके के अड्डे पर पुलिस का छापा


**उल्हासनगर.** पुलिस ने खेमानी, उल्हासनगर-2 में चल रहे एक मटके के अड्डे पर छापा मारा और 2 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर पुलिस ने बुधवारी की दोपहर में 3 बजे के करीब सीमा बिल्डिंग के पीछे, खेमानी, उल्हासनगर-2 में चल रहे मटके के अड्डे पर छापा मारा. यहां जुआ खेल रहे साहिल राजू मोरे (24) और मोहित प्रकाश जेस्वानी (23) को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधिनियम की धारा 12 (अ) के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस हवलदार भोजणे जांच कर रहे हैं.

# वराला देवी तालाब का काया पलट कब?

- मनपा द्वारा 6 माह पूर्व डीपीआर भेजने के बावजूद शासन से नहीं मिली मंजूरी

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** शहरवासियों को 2 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर प्यास बुझाने वाला वराला देवी तालाब खुद अपनी बदहाली के आंसू बहा रहा है.वराला देवी तालाब की सुरक्षा रामभरोसे है. वराला देवी तालाब की सुरक्षा के मुद्दे को जागरूक नागरिकों द्वारा बारंबार उठाए जाने के बाद शासन की नींद नहीं खुल रही है. मनपा प्रशासन द्वारा वराला देवी तालाब के सर्वांगीण विकास के लिए 52 करोड़ 95 लाख, 21 हजार रुपए का डीपीआर बनाकर करीब 6 माह पूर्व शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया बावजूद मंजूरी नहीं मिलने से शहरवासियों में निराशा फैल रही है.

गौरतलब हो कि, पावरलूम नगरी भिवंडी में वराला देवी तालाब की विशेष पहचान है.कामतघर, फेना गांव, मानसरोवर रहिवासी एरिया से सटा हुआ करीब 4 किलोमीटर के दायरे में फैले वराला देवी तालाब से शहरवासियों को 2 एमएलडी पानी की आपूर्ति मनपा द्वारा की जाती है.आश्चर्यजनक है कि शहरवासियों को 2 एमएलडी पानी आपूर्ति करने वाले तालाब की दशा पूर्णतया बदहाल है. तालाब के चारों तरफ की सुरक्षा दीवार टूटी फूटी एवं तालाब में रहिवासी क्षेत्रों की ड्रेनेज पाइपों से मल युक्त दूषित पानी तालाब में आने से पानी की शुद्धता पर हमेशा प्रश्नचिन्ह खड़ा होता रहता है. वराला देवी तालाब की बाउंड्री वाल टूटी होने की वजह से सुरक्षा राम भरोसे है.तालाब के किनारे स्थित गणपति घाटो के पास आकर लोग वाहनों की धुलाई, स्नान एवम दैनिक क्रिया करते देखे जाते हैं.स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जागरूक नागरिकों द्वारा तालाब के समुचित रखरखाव की बारंबार शिकायत के बावजूद मनपा प्रशासन करीब 10 वर्षों से मनपा की तिजोरी खाली होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ता रहा है.

### केंद्रीय मंत्री की दखल के बाद भी बेपरवाह

भिवंडी लोकसभा सांसद एवम केंद्रीय पंचायत राज मंत्री कपिल पाटील के समक्ष वराला देवी तालाब के रखरखाव का मुद्दा स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जागरूक नागरिकों द्वारा कई बार उठाया जा चुका है. केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल ने करीब 6 माह पूर्व मनपा प्रशासन से चर्चा कर तालाब के समुचित रखरखाव के लिए डीपीआर बनाकर शासन के पास मंजूरी के लिए भेजने का निर्देश दिया. है.मनपा प्रशासन द्वारा 52 करोड़ 95 लाख 21 हजार रुपए का डीपीआर जलापूर्ति विभाग के अधिकारियों की टीम से तैयार कर शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया है. सूत्रों की माने तो प्रस्तावित डीपीआर को एमजीपी समिति से जल्द मंजूरी मिलने के आसार हैं.

# उद्धव ठाकरे की बढ़ सकती है मुसीबत



- 'मशाल' निशानी पर समता पार्टी का दावा
- चुनाव आयोग में जमा कराए जरूरी कागज़ात
- जरूरत पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे- उदय मंडल

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** शिवसेना पार्टी के अधिकार और धनुष बाण निशानी हाथ से गवाने के बाद उद्धव ठाकरे की मुसीबतें बढ़ती ही जा रही है। चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को मशाल निशानी दे रखी है, जिसपर समता पार्टी ने भी दावा किया है। लोकसभा चुनाव से पहले चुनावी निशानी के लिए जरूरी दस्तावेज समता पार्टी ने चुनाव आयोग में जमा कराया है। और यह दावा किया है कि मशाल निशानी उनकी है, उन्हें वापस किया जाए। धनुष बाण निशानी खोने के बाद ठाकरे गुट मशाल निशानी पर चुनाव लड़ेगा यह कयास लगाया जा रहा था, लेकिन अब लगता है कि यह निशानी भी उद्धव ठाकरे के हाथ से जा सकती है। ठाणे के कल्याण में समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने प्रेसवार्ता में कहा कि समता पार्टी एक राष्ट्रीय दल है, जो बिहार, मणिपुर एवं अन्य राज्यों में मशाल निशानी पर चुनाव लड़ चुकी है।

### चुनाव आयोग में जमा कराए जरूरी कागज़ात

लोकसभा चुनाव से पूर्व चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय दलों को चुनावी निशानी के लिए अनिवार्य कागज़ात जमा करने की सूचना दी है। जिसपर पार्टी द्वारा निशानी से जुड़े सभी जरूरी पेपर चुनाव आयोग में सबमिट किए गए हैं। उदय मंडल ने आगे कहा कि शिवसेना में हुई दो-फाड़ के बाद शिवसेना के अधिकार को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच हमारी मशाल निशानी चुनाव आयोग ने ठाकरे गुट को दे दी। अब चूंकि विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर के निर्णय के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि असली शिवसेना एकनाथ शिंदे की है, तो हमारी निशानी हमें वापस दी जाए ऐसी मांग समता पार्टी के अध्यक्ष उदय मंडल ने की है।

### आगामी चुनाव मशाल निशानी पर लड़ने का दावा

उदय मंडल ने कहा कि समता पार्टी मशाल निशानी के लिए सक्षम है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी चुनाव में हम प्रत्येक राज्यों में प्रत्याशी उतारेंगे। जिसके लिए केवल मशाल निशानी पर दावा किया गया है। यह निशानी समता पार्टी को नहीं दी गई, तो चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल ने कही है।

# भिवंडी मनपा ने चलाया ई-कचरा संग्रहण अभियान

## 500 किलो ई कचरा किया गया इकट्ठा



उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** गीला और सूखा कचरा प्रबंधन समस्या के साथ-साथ ई-कचरा समस्या का खतरा भी मंडरा रहा है.इसके समाधान के रूप में ई-कचरा एकत्र करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा की जा रही है. भिवंडी मनपा आयुक्त अजय वैद्य के मार्गदर्शन में भिवंडी महानगरपालिका क्षेत्र में वार्ड समिति के अनुसार ई-कचरा संग्रहण अभियान चलाया गया. मनपा के कर्मचारियों को प्लास्टिक की बोतलें, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट पदार्थों को इकट्ठा करने के आदेश दिए गए थे.अभियान में एक दिन में करीब 500 किलो ई-कचरा इकट्ठा किया गया. मनपा आरोग्य उपायुक्त दीपक झिंझाड़ ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान में भाग लें और अपने घरों में जमा होने वाले ई-कचरा को वार्ड समिति के संग्रहण केंद्र में जमा करें.

### छात्र पर चाकू से हमला

**ठाणे.** शहर के वर्तकनगर इलाके में गुरुवार को 10वीं कक्षा के एक छात्र पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है. पुलिस का कहना है कि यह हमला लड़की से जुड़ा हुआ है. घायल लड़के का इलाके के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है. वर्तक नगर पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है. यह लड़का ठाणे के ज्ञानेश्वर नगर इलाके का रहने वाला बताया गया है और वर्तक नगर इलाके के एक मराठी मीडियम स्कूल में 10वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है. फिलहाल स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों की परीक्षाएं चल रही हैं. घटना गुरुवार के दिन सुबह परीक्षा देकर घर लौटते समय छात्र के साथ हुई है. तीन लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया. इस मामले में वर्तकनगर थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है.छात्र का इलाज नजदीक के एक निजी अस्पताल में चल रहा है.

# APMC मार्केट परिसर से 4 लुटेरे लूट से पहले गिरफ्तार

- 3 की तलाश जारी
- आरोपियों के पास से चाकू, छुरा और मिर्ची स्प्रे बरामद



**कल्याण.** व्यापारियों को लूटने से पहले ही कल्याण की बाजारपेठ पुलिस ने चार डकैतों को गिरफ्तार कर तीन अन्य की तलाश शुरू कर दी है। पकड़े गए आरोपी कल्याण के एपीएमसी मार्केट में अनाज के बड़े व्यापारियों को लूटने की योजना बना रहे थे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली और बाजारपेठ पुलिस ने अजीम रऊफ गाजी, अरफ़ात युसूफ शेख उर्फ काल्या, अनवर शौकत शहा एवं अरबाज इस्माइल शेख उर्फ बटला नामक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।बाजारपेठ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग के अनुसार सूचना मिलने के बाद सहायक पुलिस निरीक्षक नवनाथ रूपवते की टीम ने बुधवार की शाम 6 बजे के करीब एपीएमसी मार्केट के अनाज मंडी में जाल बिछाकर चार लूटेरों को गिरफ्तार किया। ये लूटेरे ट्रक से अनाज लेकर मंडी में आने वाले व्यापारियों को लूटने की फिराक में थे। लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले पुलिस को पता चल गया, और पुलिस ने जाल बिछाकर चारों लूटेरों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इनके पास से 2 छूरा,1 चाकू, मिर्ची का स्प्रे बोटल, मोबाइल फोन और एक ऑटोरिक्शा के साथ कुछ नकदी रकम भी बरामद किया है। बाजारपेठ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारो लूटेरे रेतीबंदर और गोविंदवाड़ी के रहने वाले हैं। वहीं इनके तीन अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## वेस्टर्न डिवीजन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो प्रतियोगिता में

# SST कॉलेज के 5 छात्रों का मुंबई यूनिवर्सिटी बॉयज टीम में चयन







**उल्हासनगर.** स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी नांदेड़ में आयोजित वेस्टर्न डिवीजन इंटर यूनिवर्सिटी खो-खो प्रतियोगिता में एसएसटी कॉलेज, उल्हासनगर के पांच छात्रों का लड़कों की मुंबई यूनिवर्सिटी टीम में चयन हुआ। विभागीय प्रतियोगिताओं से मुंबई यूनिवर्सिटी टीम के खिलाड़ियों का चयन किया गया।इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया और मुंबई यूनिवर्सिटी टीम में जगह बनाई।

इस टीम में जितेश म्हस्कर, आकाश तोगरे, वैभव मोरे, अभय रत्नाकर, नुरशाद शेख को एसएसटी कॉलेज के कोच प्रताप शेलार और नरेंद्र मंगल ने प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों के इस चयन को लेकर एसएसटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यू एसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षक और अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने उन्हें बधाई दी और अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

# BANM रायगढ़ की संपत्ति प्रदर्शनी 2-5 फरवरी तक

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के खांदेश्वर स्टेशन परिसर में 2 फरवरी से 5 फरवरी तक मेगा प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन किया गया है. बीएएनएम रायगड यूनिट की ओर से आयोजित यह 7वीं संपत्ति प्रदर्शनी है जहां एक छत के नीचे 25 लाख से लेकर 5 करोड़ कीमत के मकान और व्यावसायिक संपत्तियां देखने और खरीदने को मिलेगी.

बीएएनएम रायगड यूनिट के अध्यक्ष जीतू जगवानी ने गुरुवार शाम आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी 4 दिन चलेगी इसमें 100 बिल्डर 400 से अधिक संपत्तियों की प्रदर्शनी करने वाले हैं. दर्जनों बैंक और वित्तीय संस्थाएं भी ग्राहकों को लोन देने के लिए उपलब्ध रहेंगी.मशहूर एक्ट्रेस बिपाशा बसु प्रापर्टी प्रदर्शनी की ब्रांड एंबेसेडर बनाई गई हैं.

इस प्रेस वार्ता में बीएएनएम रायगड के अध्यक्ष आश्विन पटेल, बीएएनएम नवि मुंबई के अध्यक्ष वसंत बद्रा, राहुल हजारे, कनवीनर विग्नेश पटेल ,भावी अध्यक्ष चिराग शाह, भद्रेश शाह, मनसुख पटेल, हरनीश कारिया, नेशनल बिल्डर्स के डायरेक्टर सिजो सन्नी, तमाम बिल्डर्स और डेवलपर्स मौजूद रहे.

4 दिनों की प्रदर्शनी की जानकारी देते हुए बिल्डर्स एसोसिएशन नवी मुंबई के पदाधिकारियों ने बताया कि नवी मुंबई एयरपोर्ट के नजदीक अटल सेतु के प्रारंभ होने से रायगढ़, पनवेल और नवी मुंबई दक्षिण का इलाका बेहद आकर्षण में है.

# भिवंडी में आज पानी की कटौती

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** स्टेम वॉटर डिस्ट्रीब्यूशन एंड इंफ्रा कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ठाणे द्वारा जलकुंभ की मरम्मत के लिए शुक्रवार सुबह 9 बजे से शनिवार 20 जनवरी सुबह 9 बजे तक 24 घंटे के लिए जलापूर्ति बंद किया है. शहर में स्टेम के माध्यम से होने वाली पानी की आपूर्ति बंद होगी. रविवार को पानी कम दबाव और कम मात्रा में आएगा. जलापूर्ति विभाग प्रभारी कार्यकारी अभियंता संदीप पटनवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नागरिकों को सूचित कर सहयोग की अपील की है.

### उक्त क्षेत्रों में बंद रहेगी जलापूर्ति

जलापूर्ति विभाग द्वारा जारी अधिकृत सूचना के अनुसार,मनपा क्षेत्र अंतर्गत ममता टाकी चविन्द्रा गांव, पटेलनगर, बाला कंपाउंड,फरीद बाग, बरक्या कंपाउंड, संगमपाड़ा, कचेरी पाड़ा, ब्राह्मण अली, कसार अली, भावेनगर, कोमलपाडा, आदर्श पार्क, अजयनगर, नजराना कंपाउंड, गोकुलनगर, इंदिरानगर, कल्याण रोड, ठाणगी अली,तीनबत्ती, शिवाजीनगर स्टाफ क्वार्टर, खडकरोड़ गुरुचरणपाड़ा, अजमेर नगर, पटेल कंपाउंड, शमानगर, साईनाथ सोसायटी, अंजुरफाटा, देवजीनगर, नारपोली, विठ्ठलनगर,सोनीबाई कंपाउंड, खालीक कंपाउंड,फैज़ान कंपनी, मेहता कंपाउंड, रोशन बाग, देवनगर, टावरे कंपाउंड, भंडारी कंपाउंड, नारपोली गांव, देवजीनगर, आईजीएम.पानी की टंकी, निज़ामपुरा, इस्लामपुरा, अमपाड़ा, अवचितपाड़ा, म्हाडा कॉलोनी, शास्त्रीनगर, नेहरूनगर, मिल्लतनगर 1, 2, 3, नवीवस्ती, कोंडाजवाड़ी, चव्हाण कॉलोनी, वेतालपाड़ा, बाला कांपा, खंडूपाड़ा, अंसार मोहल्ला, दुलारे पेट्रोल पंप, खोका कंपाउंड, कामतघर, अंजुरफाटा, जूनी ताडाली, नवी ताडाली, भाग्यनगर, हनुमान नगर, जय अंम्बे सोसायटी, कमला होटल परिसर, श्रीरंग सोसायटी,गणेश सिनेमा, नवजीवन कॉलोनी, समदनगर, कनेरी, न्यू कनेरी, गौरीपाड़ा, पद्मानगर, अशोक नगर, घूंघटनगर, कोटरगेट, बरफ गली, काप अली, इस्लामपुरा, उदूरोड, कुरेशनगर, लाहोटी कंपाउंड, भादवड, टेमघर में आज 24 घंटे जलापूर्ति नहीं होगी.

# पत्रकार बन शेल्टर होम का राज खोलेंगी भूमि पेडनेकर

भूमि पेडनेकर और सई ताम्हणकर अभिनीत फिल्म 'भक्षक' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. नेटफ्लिक्स पर यह फिल्म 9 फरवरी को रिलीज होगी. ट्रेलर देख कर लग रहा है कि आने वाली फिल्म काफी भयानक है. इसमें क्राइम और सस्पेंस कूट-कूट कर भरा हुआ है.

जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है, जर्नलिस्ट बनीं भूमि पेडनेकर आश्रय गृह के बारे में सच्चाई को उजागर करने की यात्रा पर है. भक्त एक महिला की न्याय पाने की अटूट खोज की यात्रा की पड़ताल करता है. वैशाली सिंह के रूप में भूमि पेडनेकर महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जमीनी हकीकत को उजागर करते हुए एक जघन्य अपराध को सामने लाना चाहती हैं. ट्रेलर में काफी कुछ ऐसा है जिसे देख कर लगा है कि ये काफी भयानक है. आने वाली फिल्म में भक्ती और शक्ति दोनों दिखाई गई है.

### बिहार की घटना पर आधारित है फिल्म

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो 'भक्षक' फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है. साथ ही महिलाओं के खिलाफ किए जाने वाले अपराधों की हकीकत से भी जुड़ा हुआ है. शाहरुख खान ने बिहार की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक गंभीर थ्रिलर फिल्म भक्षक बनाने का फैसला लिया था. फिल्म की शूटिंग कोविड के समय में शुरू की गई थी और इसकी शूटिंग 2022 में ही पूरी हो गई थी. यह फिल्म रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही हैं. फिल्म पुलकित द्वारा निर्देशित और गौरी खान और गौरव वर्मा द्वारा निर्मित है. फिल्म में भूमि पेडनेकर, संजय मिश्रा, आदित्य श्रीवास्तव और साई ताम्हणकर प्रमुख भूमिकाओं में हैं.



## जी.एम.मोमिन वीमेंस कालेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन पर

# एक दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी के जीएममोमिन वीमेंस कालेज में 'वाणिज्य एवं प्रबंधन में उभरते रुझान और राष्ट्र निर्माण में इसकी उत्प्रेरक भूमिका 'विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस का सफल आयोजन किया गया. कांफ्रेंस में मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, हैदराबाद के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के डीन प्रो बदीउद्दीन मुख्य अतिथि और एसवीआईएमएस पुणे की निदेशक डॉ भगवंती एच. नानवानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं. कालेज की प्रिंसिपल डॉ. तबस्सुम शेख ने आये हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया. प्रो बदीउद्दीन ने कॉन्फ्रेंस को अति महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला. डॉ भगवंती ने भी अपने अनुभव एवं विचार साझा किये. केएमई सोसायटी के सचिव सुहैल फकीह ने कॉरपोरेट जगत में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस के बढ़ते महत्व पर रौशनी डाली और आयोजक मंडल को बधाई दी. उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष ज़िया अब्दुश्शकूर मोमिन, कोषाध्यक्ष फ़हद बुबेरे एवं सदस्यगण उपस्थित थे. पहला पैनल डिस्कशन "वाणिज्य और प्रबंधन में नवाचार" विषय पर आधारित था. जिसका संचालन एम बी हारिस कालेज पालघर के प्रिंसिपल डॉ खलील अहमद ने किया. प्रथम सत्र में बीएनएन कालेज के प्रिंसिपल डॉ अशोक वाघ,एमएमके कालेज मुंबई के प्रिंसिपल डॉ सी ए किशोर,एपी कालेज मुंबई के प्रिंसिपल डॉ शौकत अली,मॉडल कालेज डोम्बिवली के प्रो डॉ विनय भाले और रिज़वी कालेज मुंबई की डॉ अंजुमआरा पैनल डिस्कशन में शामिल रहे और दिए गए विषय पर अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किया. दूसरे सत्र की शुरुआत "औपचारिक शिक्षा और कारपोरेट जगत की मांगों के बीच अंतर् को कम करना" विषय पर हुई। जिसका संचालन चेतना इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई के प्रो डॉ संदीप नेमलेकर ने किया. चर्चा सत्र में अल्लाना इंस्टिट्यूट मुंबई के निदेशक डॉ. बर्नाडेट डिसिल्वा, अनुष्का आई हास्पिटल भिवंडी के निदेशक जगदीप शर्मा,बिरला पेन्ट्स डिवीज़न के मोहम्मद रफ़ी सरवर, टैलेंट मैनेजमेंट एंड डेवलप्मेंट के निदेशक मिजाब भोजे ने भाग लिया. भवन्स कालेज मुंबई की प्रिंसिपल डॉ अरुणा सिंघम की अध्यक्षता में तकनीकी सत्र आयोजित हुआ जिस में 36 शोध पत्रों में से कई शोधपत्र प्रस्तुत किये गए. समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. केयूर कुमार नायक(निदेशक गरवारे इंस्टिट्यूट) ने एक प्रेरक भाषण दिया. डॉ केयूर कुमार ने दर्शकों एवं छात्रों के साथ चर्चा भी की. शिक्षण उपयोगी कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन में प्रिंसिपल डॉ तबस्सुम शेख के मार्गदर्शन में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के प्राध्यापकों का सराहनीय योगदान रहा.कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र का सूत्र संचालन अहमद पटेल सर ने और आभार प्रदर्शन अंसारी कहकशां ने किया.


### आम सूचना

मैं श्री वाशू साधूराम लालवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 19, सीडी 59 चौ. यार्डस, बैरक नं. 942, सेक्शन 21, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 33सीओ006145800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेनू किशिनचंद अछरा व श्री किशिनचंद गोरधनदास अछरा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 12.9.2009 सी.नं. 780 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री वाशू साधूराम लालवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती संगीता रमेशलाल केसवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 335. रुम नं. 1 से 3, शॉप नं 482, सामने फिश मार्केट, सत्यसाई काम्पलेक्स, 2रा माला, शॉप नं. 212, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 16एआय017967100) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयरामदास माधवदास होतचंदाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.7.2006 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती संगीता रमेशलाल केसवाणी



उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099